Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

(Accredited A++ by NAAC)

CATEGORY-1 UNIVERSITY by UGC — DEEN DAYAL UPADHYAYA GORAKHPUR UNIVERSITY GORAKHPUR

University in News on 10 June 2024

Dainik Jagran
Page 02

गोरखपुर शहर में 30 केंद्रों पर दो पालियों में संपन्न हुई बीएड प्रवेश परीक्षा

जागरण संवाददाता, गोरखपुर :

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी द्वारा बीएड प्रवेश को लेकर आयोजित उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा रविवार को शुचिता के साथ सम्पन्न हो गई। शहर के 30 केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित परीक्षा में 13,055 अभ्यर्थी शामिल हुए। दोनों पालियों की परीक्षा टेकर निकले अभ्यर्थियों ने बताया कि प्रश्न पत्र का स्तर सामान्य था। कला और विज्ञान के प्रश्नों को हल करने में थोड़ा समय लगा। जबकि गणित और रीजनिंग के सवाल अपेक्षाकृत आसान रहे।

प्रवेश परीक्षा में दो पालियों में दो प्रश्नपत्र अभ्यर्थियों को हल करने थे। दोनों ही प्रश्न पत्र के लिए 200 अंक (प्रत्येक 100) निर्धारित रहे। परीक्षा के प्रथम प्रश्न पत्र में खंड अ से सामान्य ज्ञान एवं खंड ब से भाषा (हिंदी या अंग्रेजी में से कोई एक) विषयों से प्रश्न पूछे गए। वहीं, प्रश्न पत्र दो में खंड अ से सामान्य अभिरुचि परीक्षण एवं खंड ब में विषय योग्यता (कला/ विज्ञान/ वाणिज्य/ कृषि) विषयों से प्रश्न पूछे गए। परीक्षा टेकर निकले अभ्यर्थियों का कहना था कि जितना सोचकर आए थे उसके मुकाबले प्रश्नपत्र काफी आसान था। विज्ञान के सवालों को हल करने में थोड़ी कठिनाई हुई।

बीएड प्रवेश परीक्षा टेकर ब्रिज से निकलते परीक्षार्थी। जागरण

जिलावार पंजीकृत और अनुपस्थित व उपस्थित छात्रों की स्थिति

बीएड प्रवेश परीक्षा गोरखपुर, देवरिया और कुशीनगर में आयोजित हुई।गोरखपुर जिले में कुल पंजीकृत 14,690 अभ्यर्थी रहे।जिसमें प्रथम पाली में 13055 उपस्थित तथा 1635 अनुपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पाली में 13059 उपस्थित तथा 1631 अनुपस्थित रहे।कुशीनगर में कुल पंजीकृत अभ्यर्थी 7177 थे। इसमें प्रथम पाली में 6546 उपस्थित तथा 631 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में 6544 अभ्यर्थी उपस्थित तथा 633 अनुपस्थित रहे। देवरिया में कुल पंजीकृत अभ्यर्थी 6931 थे। गोरखपुर मंडल के तीन जिलों में कुल 60 परीक्षा केंद्रों पर कुल 28,780 अभ्यर्थी पंजीकृत थे।

प्रश्नपत्रों का स्तर मध्यम रहा।

मानविकी व विज्ञान के सवालों का उत्तर देने में थोड़ी कठिनाई जरूर हुई लेकिन गणित और रीजनिंग के सवालों ने मुश्किल आसान कर दी।

मोनू कुमार

प्रवेश परीक्षा के लिए तैयारी को लेकर स्पष्ट थी। दूसरे प्रश्नपत्र के कुछ सवाल कठिन थे लेकिन कुल मिलाकर पेपर ठीक हुआ। परिणाम की पूरी उम्मीद है।

मोहिनी मिश्रा

बीएड का प्रश्नपत्र जैसा होता है, उसके मुताबले पेपर थोड़ा कठिन था। विज्ञान के कुछ सवाल उलझाऊ रहे। बावजूद इसके बहुत दिक्कत नहीं हुई।

नंदिनी गुप्ता

विज्ञान के सवालों को छोड़कर सभी सवाल पहले वाले के लिए आसान थे। मेरा भी पेपर ठीक हुआ। रीजनिंग व गणित के आसन सवालों ने काफी संभाला है।

प्रदीप कुमार

लेकिन कुल मिलाकर पेपर ठीक रहा।

Amar Ujala
Page 05, 07

बीएड : 13,055 अभ्यर्थियों ने दी प्रवेश परीक्षा

जिले में 30 केंद्रों पर नकलविहीन संपन्न हुई बीएड प्रवेश परीक्षा, गोरखपुर मंडल के तीन जिलों में 60 परीक्षा केंद्रों पर 28,780 अभ्यर्थी थे पंजीकृत

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा गोरखपुर, देवरिया और कुशीनगर में सुचिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। गोरखपुर जिले में 14,690 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। प्रथम पाली में 13,055 उपस्थित और 1635 अनुपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पाली में 13,059 उपस्थित और 1631 अनुपस्थित रहे। तुर्शीनगर में कुल पंजीकृत अभ्यर्थी 7177 थे। इसमें प्रथम पाली में 6546 उपस्थित तथा 631 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में 6544 अभ्यर्थी उपस्थित तथा 633 अनुपस्थित रहे। देवरिया में कुल पंजीकृत अभ्यर्थी 6931 थे। गोरखपुर मंडल के तीन जिलों में कुल 60 परीक्षा केंद्रों पर कुल 28,780 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। परीक्षा के नोडल समन्वयक प्रो. उदय सिंह ने बताया कि परीक्षा को सुचिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया गया था।

अंदर अभ्यर्थियों की परीक्षा..बाहर अभिभावकों की अग्नि परीक्षा

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा में 13 हजार से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल हुए। लेकिन ये कहीं भी अपने काम पर थे। ऐसे में अभ्यर्थियों के साथ आए अभिभावकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। केंद्र के बाहर सभी अभिभावकों की भीड़ लगी रही। दूर-दराज से आई महिला अभ्यर्थियों के साथ उनके अभिभावक भी आए थे। परीक्षा की पहली पाली सुबह 10 बजे से थी। ऐसे में अभ्यर्थियों को अपने आप को तय समय से पहले केंद्र पर पहुंच पड़ा। सबसे अहम बात अभ्यर्थी अंदर चले गए। इसके बाद तो अभिभावक केंद्र के बाहर इंतजार करने लगे।

गोरखपुर विश्वविद्यालय केंद्र पर तो अभिभावकों की भीड़ लग गई। इसकी वजह से केंद्र के बाहर जाम की स्थिति बन गई। कई अभिभावकों को अपने बच्चों को लेकर आए ऑटो चालकों के भरोसे छोड़ना पड़ा। दूसरी पाली के समाप्त होने के बाद भी अभिभावकों की भीड़ केंद्र के बाहर लगी रही। परीक्षा को नकलविहीन कराने के लिए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। पुलिस के अनुसार कहीं से भी नकल की शिकायत नहीं मिली।

धूप और गर्मी में परेशान बच्चे के साथ अभिभावक। गोरखपुर विश्वविद्यालय के पास बच्चों को पानी पिलाता युवक। स

कला और विज्ञान ने घुमाया तो रीजनिंग व गणित ने राहत

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश बीएड प्रवेश परीक्षा रविवार को शहर के 30 केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित हुई। पहली पालियों की परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों ने बताया कि प्रश्न पत्र का स्तर न ही कठिन और न ही सरल था, मध्यम स्तर का था। कला और विज्ञान के प्रश्नों को हल करने में थोड़ा समय लगा। वहीं, गणित और रीजनिंग आसान रही।

पूर्वी बीएड प्रवेश परीक्षा में दो प्रश्न पत्रों को हल करना होता है। प्रश्न पत्र दो में खंड अ से सामान्य अभिरुचि परीक्षण एवं खंड ब से विषय योग्यता (कला/ विज्ञान/ वाणिज्य/ कृषि) विषयों से प्रश्न पूछे गए। वहीं, प्रश्न पत्र दो में खंड अ से सामान्य अभिरुचि परीक्षण एवं खंड ब से विषय योग्यता (कला/ विज्ञान/ वाणिज्य/ कृषि) विषयों से प्रश्न पूछे गए। वहीं, प्रश्न पत्र दो में खंड अ से सामान्य अभिरुचि परीक्षण एवं खंड ब से विषय योग्यता (कला/ विज्ञान/ वाणिज्य/ कृषि) विषयों से प्रश्न पूछे गए।

बोले अभ्यर्थी

दोनों प्रश्नपत्रों का स्तर मध्यम रहा। कला और विज्ञान के सवालों का उत्तर देने में थोड़ी कठिनाई जरूर हुई, लेकिन गणित और रीजनिंग के सवाल आसान थे।

– निलेश पटेल

Amar Ujala Select
Page 04,05

सेंट एंड्रयूज पीजी कॉलेज में बीएड प्रवेश परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यर्थी।

13,055 अभ्यर्थियों ने दी बीएड प्रवेश परीक्षा

जिले में 30 केंद्रों पर संपन्न हुई परीक्षा

गोरखपुर मंडल के तीन जिलों में 60 परीक्षा केंद्रों पर 28,780 अभ्यर्थी पंजीकृत थे

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा गोरखपुर, देवरिया और कुशीनगर में सुचिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। गोरखपुर जिले में 14,690 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। प्रथम पाली में 13,055 उपस्थित और 1635 अनुपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पाली में 13,059 उपस्थित और 1631 अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में 6,544 अभ्यर्थी उपस्थित तथा 633 अनुपस्थित रहे। तुर्शीनगर में कुल पंजीकृत अभ्यर्थी 7177 थे। इसमें प्रथम पाली में 6546 उपस्थित तथा 631 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में 6544 अभ्यर्थी उपस्थित तथा 633 अनुपस्थित रहे। देवरिया में कुल पंजीकृत अभ्यर्थी 6931 थे। गोरखपुर मंडल के तीन जिलों में कुल 60 परीक्षा केंद्रों पर कुल 28,780 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। परीक्षा के नोडल समन्वयक प्रो. उदय सिंह ने बताया कि परीक्षा को सुचिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया गया था। प्रथम पाली में उपस्थित अभ्यर्थियों को

डीडीयू के मुख्य परिसर में होगी राष्ट्रगौरव की परीक्षा

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में राष्ट्रगौरव की परीक्षा सोमवार को मुख्य परिसर में होगी। अभी तक सेमेस्टर परीक्षाएं महाराणा प्रताप परिसर में चल रही थीं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि यह परीक्षा सुबह 11 से दोपहर 12:30 बजे तक कला संकाय, दीक्षा भवन एवं गृह विज्ञान विभाग में संपन्न होगी।

Hindustan
Page 08, 09

छात्रों को भा गई ऑटो पोर्ट फॉर्म सुविधा

डीडीयू

- ऑटो पोर्ट फॉर्म सुविधा का 1320 अभ्यर्थियों ने अब तक उठाया है लाभ
- स्नातक में 934 व परास्नातक में कुल 386 ने किया आवेदन
- एक ही पंजीकरण से कई विषयों में आवेदन की दी जा रही है सुविधा

"एक ही आवेदन से कई विषय चुनने के विकल्प को अभ्यर्थी पसंद कर रहे हैं। इस तरह के आवेदन उम्मीद से अधिक संख्या में आए हैं।

प्रो. पूनम टंडन, कुलपति, डीडीयू

गोरखपुर, निज संवाददाता। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए एक ही पंजीकरण से कई विषयों में आवेदन (ऑटो पोर्ट फॉर्म सुविधा) का फार्मूला हिट साबित हो रहा है। अब तक 1320 अभ्यर्थी इसका लाभ उठा चुके हैं। इनमें स्नातक में कुल 934 और परास्नातक में 386 अभ्यर्थी शामिल हैं।

डीडीयू में प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. हर्ष सिन्हा ने बताया कि नई पहल करते हुए इस बार एक ही पंजीकरण से एक से अधिक विषयों में प्रवेश के लिए आवेदन का विकल्प दिया गया है। स्मार्ट तरीका होने के कारण अभ्यर्थी को बार-बार फॉर्म भरने की प्रक्रिया नहीं करनी पड़ रही। किन विषयों में आवेदन के लिए अभ्यर्थी अर्ह है, यह पहले खोजना पड़ता था। अब पंजीकरण होने के बाद पोर्टल ही बताता है।

एक विषय में आवेदन के बाद यदि अभ्यर्थी दूसरे में भी आवेदन करना चाहता है तो उसे सिर्फ विषय का चयन करके शुल्क जमा कर देना है। ऑटो पोर्ट सुविधा के कारण पूरा डाटा अपने आप उठ जाता है। इससे अभ्यर्थियों का समय बच रहा है।

एनईपी के प्रावधान भी बने मददगार: एनईपी में प्रावधान किया गया है कि बीएससी उत्तीर्ण अभ्यर्थी अब अपनी सुविधानुसार एमए के किसी भी विषय में प्रवेश ले सकते हैं। पहले शर्त थी कि स्नातक के अंतिम वर्ष में जो दो विषय पढ़े होंगे, उन्हीं में से किसी एक का चयन करना होगा।

राष्ट्र गौरव की परीक्षा आज, मुख्य कैंपस में होगी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में सत्र 2023-24 की चल रही सेमेस्टर परीक्षाएं अब मुख्य परिसर में होंगी। लोकसभा चुनाव के कारण मुख्य परिसर का अधिग्रहण जिला प्रशासन ने कर लिया था। परीक्षा नियंत्रक डॉ कुलदीप सिंह ने बताया कि 10 जून को राष्ट्र गौरव की परीक्षा 11 से 12 :30 बजे तक होनी है। इसमें 3500 विद्यार्थी पंजीकृत हैं।

Inext
Page - 04

13059 कैंडिडेट्स ने दी परीक्षा

गोरखपुर के 30 केंद्रों पर आयोजित एग्जाम में कुल रजिस्टर्ड 14,690 कैंडिडेट्स में से पहली पाली में 13,055 कैंडिडेट्स ने परीक्षा दी जबकि 1635 कैंडिडेट्स परीक्षा में अब्सेंट रहे. वही, दूसरी पाली में 13059 कैंडिडेट्स ने एग्जाम दिया जबकि 1631 कैंडिडेट्स एग्जाम में अब्सेंट रहे. वही, कुशीनगर के 15 केंद्रों पर आयोजित एग्जाम की पहली पारी में कुल रजिस्टर्ड 7177 कैंडिडेट्स में से 6546 ने एग्जाम में अपीयर किया, जबकि 631 कैंडिडेट अब्सेंट रहे. वही, दूसरी पाली में हुए एग्जाम में 6,544 कैंडिडेट्स शामिल हुए और 633 अब्सेंट रहे.

बुन्देलखण्ड यूनिवर्सिटी से होती रही पल-पल की निगरानी

प्रो उदय ने बताया कि इस बार के एंट्रेंस एग्जाम का आयोजन बुन्देलखण्ड यूनिवर्सिटी झांसी की ओर से किया गया. उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान यूनिवर्सिटी की ओर से सीसीटीवी सर्विलांस और फोन के माध्यम से पल-पल की निगरानी की गई. इस दौरान किसी भी केंद्र पर कोई भी कैंडिडेट नकल करते नहीं पकड़ा गया. प्रो. उदय ने बताया कि परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए गोरखपुर यूनिवर्सिटी के साथ ही जिला प्रशासन के प्रतिनिधियों, केंद्राध्यक्षों और पर्यवेक्षकों ने लगातार तीन दिनों तक अनवरत मेहनत की.

एग्जाम से एक घंटा पहले पहुंचे कैंडिडेट्स

बीएड एंट्रेंस एग्जाम में शामिल होने वाले कैंडिडेट्स पहले से जारी निर्देशों के मुताबिक रविवार को एग्जाम से एक घंटा पहले ही अपने निर्धारित केंद्रों पर पहुंच गए थे. कुछ ऐसे कैंडिडेट्स जो दूसरे जिलों के रहने वाले थे वे एक दिन पहले ही गोरखपुर पहुंच चुके थे.

Nirbhik India

यूपी सयुंक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा हुई संपन्न

गोरखपुर, संवाददाता- उत्तर प्रदेश संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा-2024 गोरखपुर मंडल के तीन जिलों गोरखपुर, देवरिया और कुशीनगर में सफलतापूर्वक शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न हुई।गोरखपुर केन्द्र पर कुल पंजीकृत 14,690 अभ्यर्थी रहे जिसमें प्रथम पाली में उपस्थित 13,055 तथा अनुपस्थित 1635 अभ्यर्थी रहे। वहीं दूसरी पाली में 13059 उपस्थित तथा 1631 अनुपस्थित थे।परीक्षा में कुशीनगर में कुल पंजीकृत अभ्यर्थी 7,177 थे। प्रथम पाली में उपस्थित 6,546 तथा अनुपस्थित 631 अभ्यर्थी रहे। वही द्वितीय पाली उपस्थित अभ्यर्थी 6,544 तथा अनुपस्थित 633 रहे।देवरिया केंद्र में कुल पंजीकृत अभ्यर्थी 6931 थे। इसमेंप्रथम पाली में उपस्थित अभ्यर्थियों की संख्या 6204 थी तथा 709 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में उपस्थित 16204 तथा अनुपस्थित 709 अभ्यर्थी रहे।गोरखपुर मंडल के तीन जिलों में कुल 60 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 28780 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। गोरखपुर के 30 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 14690 अभ्यर्थी, कुशीनगर के 15 परीक्षा केन्द्रों पर 7177 अभ्यर्थी तथा देवरिया के 15 परीक्षा केन्द्रों पर 6913 अभ्यर्थी पंजीकृत थे।यह जानकारी देते हुये परीक्षा के नोडल समन्वयक प्रो0 उदय सिंह परीक्षा के शुचितापूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न होने पर कुलसचिव, गोरखपुर विश्वविद्यालय व जिला प्रशासन के प्रतिनिधियों, केन्द्राध्यक्षों, पर्यवेक्षकों तथा आयोजन में शामिल सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि परीक्षा को नकलविहीन बनाने के लिये सभी परीक्षा केन्द्रों के सभी कमरों की वेबकास्टिंग के प्रबंध किये गये थे जिसकी निगरानी आयोजक बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी द्वारा अनवरत की गई।प्रो0 सिंह ने कहा कि परीक्षा को दो पालियों में सम्पन्न कराया गया। प्रथम पाली सुबह 9 बजे से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 2 बजे से 5 बजे तक सम्पन्न हुई।

Swatantra Chetna
Page - 05

हिंदी रही आसान, जीके व रीजनिंग ने छकाया

बीएड प्रवेश परीक्षा देकर निकलते छात्र-छात्राएं।

ज्योति	नेहा	गुंजा	नितेश	मो. जाहिद	सीमा

उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा में इस वर्ष भी अंक्षा गणित भारी पड़े रहे। जानकारी अभ्यर्थियों ने बताया कि दोनों पेपर कहा आसान हुआ है। गुरुवासाद रोड पर पहली पाली में जीके और हिन्दी का पेपर ज्यादा आसान लगा। दूसरी पाली में रीजनिंग, गणित, विज्ञान और अभिरुचि से संबंधित प्रश्नों को हल करने में अभ्यर्थियों को काफी पसीना बहाना पड़ा। मालवीय मार्किंग के बावजूद मान जा रहा है कि मेरिट हाई जाएगा। प्रथम पाली सुबह 9 बजे से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 2 बजे से 5 बजे तक संपन्न हुई।

केंद्रों के बाहर बैठे अभिभावकों की हुई धूप में परीक्षा

विश्वविद्यालयों धूप के बीच बनाया कि किसी भी परीक्षा केंद्र पर कोई शिकायत नहीं मिली है। सभी केंद्रों पर कैमरे लगे थे। इसकी मॉनीटरिंग आयोजक झांसी विश्वविद्यालय ने सभी केंद्रों की मॉनीटरिंग की। अलग-अलग टीमें बनाकर भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

कहीं से कोई शिकायत नहीं

परीक्षा के लिए गोरखपुर, देवरिया और कुशीनगर के नोडल समन्वयक प्रो. उदय सिंह ने बताया कि किसी भी परीक्षा केंद्र से कोई शिकायत नहीं मिली है। सभी केंद्रों पर कैमरे लगे थे। इसकी मॉनीटरिंग आयोजक झांसी विश्वविद्यालय ने सभी केंद्रों की मॉनीटरिंग की। अलग-अलग टीमें बनाकर भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

Rashtriya Sahara
Page - 05, 07

तीन जिलों के 60 केंद्रों पर परीक्षा संपन्न

गोरखपुर (एसएनबी)। उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2024 गोरखपुर मंडल के तीन जिलों गोरखपुर, देवरिया और कुशीनगर में सफलतापूर्वक व शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

गोरखपुर केन्द्र पर कुल पंजीकृत 14,690 अभ्यर्थी रहे जिसमें प्रथम पाली में उपस्थित 13,055 तथा अनुपस्थित 1635 अभ्यर्थी रहे वहीं दूसरी पाली में 13059 उपस्थित तथा 1631 अनुपस्थित थे। परीक्षा में कुशीनगर में कुल पंजीकृत अभ्यर्थी 7,177 थे। प्रथम पाली में उपस्थित 6,546 तथा अनुपस्थित 631 अभ्यर्थी रहे। वही द्वितीय पाली उपस्थित अभ्यर्थी 6,544 तथा अनुपस्थित 633 रहे।देवरिया केंद्र में कुल पंजीकृत अभ्यर्थी 6931 थे। इसमेंप्रथम पाली में उपस्थित अभ्यर्थियों की संख्या 6204 थी तथा 709 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में उपस्थित 16204 तथा अनुपस्थित 709 अभ्यर्थी रहे।गोरखपुर मंडल के तीन जिलों में कुल 60 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 28780 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। गोरखपुर के 30 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 14690 अभ्यर्थी, कुशीनगर के 15 परीक्षा केन्द्रों पर 7177 अभ्यर्थी तथा देवरिया के 15 परीक्षा केन्द्रों पर 6913 अभ्यर्थी पंजीकृत थे।

यह जानकारी देते हुए परीक्षा के नोडल समन्वयक प्रो.उदय सिंह परीक्षा के शुचितापूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न होने पर कुलसचिव, गोरखपुर विश्वविद्यालय व जिला प्रशासन के प्रतिनिधियों, केन्द्राध्यक्षों, पर्यवेक्षकों तथा आयोजन में शामिल सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि परीक्षा को नकलविहीन बनाने के लिये सभी परीक्षा केन्द्रों के सभी कमरों की वेबकास्टिंग के प्रबंध किये गये थे जिसकी निगरानी आयोजक बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी द्वारा अनवरत की गई।प्रो0 सिंह ने कहा कि परीक्षा को दो पालियों में सम्पन्न कराया गया। प्रथम पाली सुबह 9 बजे से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 2 बजे से 5 बजे तक संपन्न हुई।

बीएड प्रवेश

विश्वविद्यालय में बीएड प्रवेश परीक्षा देकर बाहर आने से पूर्व छात्राएं की भीड़ तथा परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यर्थी।

शहर के 30 केंद्रों पर हुई संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा, गोरखपुर में पंजीकृत अभ्यर्थियों में 88.90 प्रतिशत परीक्षा में शामिल हुए

जीके व हिन्दी ने संभाला, गणित-विज्ञान ने छकाया

बीएड प्रवेश परीक्षा

गोरखपुर, निज संवाददाता। उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2023 शहर के कुल 30 केन्द्रों पर रविवार को सकुशल संपन्न हो गई। दो पालियों में आयोजित परीक्षा में 14,690 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। पहली पाली में 13055 ने परीक्षा दी, जबकि 1635 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 13,059 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 1631 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस तरह गोरखपुर में 88.90 प्रतिशत अभ्यर्थी शामिल हुए।

परीक्षा में इस वर्ष भी आसान सवाल पूछे गए थे। ज्यादातर अभ्यर्थियों ने बताया कि दोनों पेपर बहुत अच्छा हुआ है। तुलनात्मक रूप से पहली पाली में जीके और हिन्दी का पेपर ज्यादा आसान लगा। दूसरी पाली में रीजनिंग, गणित, विज्ञान और अभिरुचि के विषयों में परीक्षार्थियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

माइनस मार्किंग के बावजूद माना जा रहा है कि मेरिट हाई जाएगी। प्रथम पाली में पेपर ज्यादा आसान लगा। गणित के ज्ञान ठहरीन थे। कुल मिलाकर दोनों पालियों में पेपर अच्छा हुआ है।

लक्ष्मी शुक्ला, परीक्षार्थी

जीके और हिन्दी के प्रश्न बेहद आसान थे। शिक्षण्यत ज्ञान भी आसानी से हल कर लिया। कुछ सवालों के जवाब सुनिश्चित थे।

अंशिका, परीक्षार्थी

पेपर आसान था लेकिन गर्मी के कारण मुश्किलें हुई। पहली पाली में हिन्दी व सामान्य ज्ञान का पेपर ज्यादा आसान लगा।

पूजा जायसवाल, अभ्यर्थी

एनसीईआरटी की किताबें जिसने पढ़ी होंगी, उसके लिए पेपर आसान था। करेंट अफेयर्स व सामान्य ज्ञान से अधिक प्रश्न थे।

मोहित कुमार सिंह, परीक्षार्थी

रविवार को गोरखपुर विश्वविद्यालय में बीएड प्रवेश परीक्षा देकर निकलते परीक्षार्थी।

14,690

अभ्यर्थी पंजीकृत थे गोरखपुर में 13,055 शामिल हुए, 1635 ने छोड़ दी प्रवेश परीक्षा

परीक्षा केंद्रों से कोई शिकायत नहीं

परीक्षा के लिए गोरखपुर, देवरिया और कुशीनगर के नोडल समन्वयक प्रो. उदय सिंह ने बताया कि किसी भी परीक्षा केंद्र से कोई शिकायत नहीं मिली है। सभी केंद्रों पर कैमरे लगे मिले। आयोजक झांसी विश्वविद्यालय ने सभी केंद्रों की मॉनीटरिंग की। अलग-अलग टीमें बनाकर भी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

अंदर मां, बाहर दादी नानी का इम्तिहान

महिला परीक्षार्थी अंदर परीक्षा दे रही थीं तो उनके अभिभावक इस लू के थपेड़ों को दिन भर झेलते रहे। कई महिला परीक्षार्थी अपने दूधमुंहे बच्चों को लेकर आई थीं। मां अंदर परीक्षा दे रही थी तो बाहर दादी-नानी, मौसी-बुआ समेत अन्य रिश्तेदार छांव में बच्चों को संभालते रहे। नाती को संभाल रहीं सहरसा की सोनिया देवी ने बताया कि कल शाम को ही वे लोग बेटी की परीक्षा के लिए घर से चले थे। बेटिया की सुनीता देवी ने बताया कि भोर में तीन बजे वे लोग बहू की परीक्षा के लिए घर से निकले थे।

परीक्षा समाप्त होने के बाद गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर उमड़ी अभ्यर्थियों की भीड़।

परीक्षा खत्म हुई तो स्टेशन पर बढ़ी भीड़, अभ्यर्थी परेशान

बस नहीं मिलने से भटकते नजर आए परीक्षार्थी

गोरखपुर, कार्यालय संवाददाता। बीएड प्रवेश परीक्षा खत्म होने के बाद रेलवे स्टेशन पर अभ्यर्थियों की अतिरिक्त भीड़ जुटी तो रेलवे की व्यवस्था तार-तार हो गई। खाली और अभ्यर्थी सीट पाने के लिए एक-दूसरे से लड़ते नजर आए। बिहार जाने वाली नरकटियागंज ट्रेन में हालात ऐसे थे कि लोग इमरजेंसी गेट से किसी तरह घुस पाए। वहीं, दूसरी तरफ दिल्ली जाने वाली गोरखधाम एक्सप्रेस में स्लीपर और एसी कोच में कैटरने के लिए लोगों को मारामारी करनी पड़ी। जनरल डिब्बे में कैटरने के लिए भी खिड़कियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

बीएड प्रवेश परीक्षा समाप्त होने के बाद भारी संख्या में खिड़कियों की भीड़ स्टेशन पर अचानक पहुंच गई। पांच बजकर 35 मिनट पर नरकटियागंज जाने वाली ट्रेन जैसे ही प्लेटफार्म नंबर आठ पर आई अभ्यर्थियों के साथ आए उनके परिवार के लोग भी ट्रेन में चढ़ने के लिए धक्का-मुक्की करना शुरू कर दिए। इन सबके बीच बिहार जाने वाली 6.20 बजे छपरा जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म नंबर दो पर जैसे ही रुकी वैसे ही अभ्यर्थियों की भीड़ इस ट्रेन में भी भर गई। वहीं, दूसरी तरफ मेगा ब्लॉक की वजह से शनिवार को करीब 11 ट्रेनें निरस्त रही। इसकी वजह से गोरखधाम एक्सप्रेस में इतनी जबरदस्त भीड़ हो गई कि स्लीपर कोच में कई चाहे चढ़ ही नहीं सके। चाही गार्ड की खिड़कियों में भी घुसने नजर आए। विरोध करने पर बहस भी हुई।

रविवार को बीएड प्रवेश परीक्षा समाप्त होने के बाद विधि गेट पर जाम लग गया।